>

Title: Need to set up a Trauma Centre and a Mini Blood Bank in Behrod Referal Hospital on NH- in Rajasthan.

डॉ. करण सिंह यादव (अलवर) : सभापति महोदय, राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 8 जो दिल्ली से मेरे क्षेत्र में से होते हुए जयपुर जाता है। उसमें 120 कि.मी. से 140 कि.मी. के बीच में बहुत जबर्दस्त दुर्घटनाएं घटित होती हैं। बहरोड़ जो एक उपखंड है, वहां चिकित्सा के सम्पूर्ण साधन उपलब्ध नहीं होने के कारण बहुत से दुर्घटनाग्रस्त लोगों की अकाल मौत होती है। इसलिए मैं माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि बहरोड़ उपखंड में एक ट्रॉमा सेंटर स्थापित किया जाए और वहां पर ब्लड स्टोरेज सुविधा और मिनी बैंक भी वहां स्थापित की जाए। यह प्रार्थना मैं माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी से करना चाहूंगा। धन्यवाद।